पत्रांक: K.V. 350 / 2023

# बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना

संचिका संख्या–के0वि0................. / 2023

प्रेषक,

**परीक्षा नियत्रंक (विविध)**
बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना।

सेवा में,

**प्राचार्य,**
1.मिथिला हनुमंत राष्ट्रीय स्वास्थ एवं शारीरिक शिक्षण महाविद्यालय, इंदिरा नगर, गोईमिश्र लगमा, धनश्यामपुर, दरभंगा (कोड–ACBIDR-20001) एवं तिरहुत कॉलेज ऑफ फिजिकल एजुकेशन, कृष्णनन्दन सहाय नगर, झपहाँ, (कोड–ACEMMZ20001)

पटना, दिनांक 05 / 07 / 2023

विषयः– **दो वर्षीय डी0पी0एड0 पाठ्यक्रम के प्रशिक्षण सत्र 2020–22 के प्रथम एवं द्वितीय वर्ष एवं प्रशिक्षण सत्र 2021–23 के प्रथम वर्ष के परीक्षा वर्ष 2022 की उत्तर पुस्तिकाओं के पुनरीक्षण (Scrutiny) हेतु ऑनलाईन आवेदन एवं शुल्क जमा करने के संबंध में।**

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में सूचित करना है कि डी0पी0एड0 पाठ्यक्रम के प्रशिक्षण सत्र 2021–23 के प्रथम वर्ष तथा सत्र 2020–22 के प्रथम एवं द्वितीय वर्ष की सम्पन्न परीक्षा वर्ष 2022 का दिनांक 10.06.2023 को परीक्षाफल प्रकाशनोपरांत परीक्षार्थी किसी विषय के प्राप्तांक से असंतुष्ट हो तो, संबंधित विषय/विषयों की उत्तरपुस्तिका का पुनरीक्षण हेतु आवेदन, प्रति विषय 200रू0 (दो सौ रूपया) निर्धारित शुल्क के साथ दिनांक 07/07/2023 अपराह्न से दिनांक 12/07/2023 तक की अवधि में केवल ऑनलाईन मोड में आवेदन जमा कर सकते है।

2. **पुनरीक्षण आवेदन डी0पी0एड पाठ्यक्रम के प्रशिक्षण सत्र 2021–23 प्रथम वर्ष तथा सत्र 2020–22 के प्रथम एवं द्वितीय वर्ष की सम्पन्न परीक्षा वर्ष 2022 के केवल सैद्धान्तिक विषयों के लिए स्वीकार किए जायेंगे।**

3. **स्क्रुटनी हेतु ऑन लाईन मोड में आवेदन एवं शुल्क जमा करने की प्रक्रिया निम्नवत है :–**

I. ऑन लाईन आवेदन हेतु समिति के वेबसाईट http://secondary.bihar.boardonline.com पर डी0पी0एड0 Ist Year session 2021&23 Exam, 2022 "Apply Scrutiny" Ist Year & Second Year Session 2020-22 Exam, 2022 "Apply Scrutiny" लिंक पर क्लिक करने के उपरांत एक नया पेज खुलेगा, जिसमें प्रवेश पत्र पर मुद्रित रौल कोड, क्रमांक, नाम User Name & Password अंकित कर रजिस्टर करेंगे। उदाहरण के लिए Roll Code-11801, Roll N- 201001, Name- Vikash Kumar तथा User Name & Passward को

सुरक्षित रखेंगे। रजिस्टर करने के उपरांत परीक्षार्थी का पुनरीक्षण (Scrutiny) आवेदन हेतु पेज प्रदर्शित होगा।

II. User Name and Password का प्रयोग करते हुए Log in के D.P.ED. Exam, 2022 "Apply for Scrutiny" बटन पर क्लिक करेंगे। इसके बाद परीक्षार्थी का सभी विषयों के साथ एक पेज खुलेगा तथा सभी विषय के सामने Apply Button अंकित होगा।

III. जिस विषय/विषयों में परीक्षार्थी को उत्तर पुस्तिका का पुनरीक्षण करने के लिए ऑनलाईन आवेदन करना हो, वे उस विषय/विषयों के सामने अंकित Apply Button को क्लिक करके Apply करेंगे।

IV. स्क्रुटनी हेतु ऑनलाईन शुल्क भुगतान के लिए Make Payment को Click करेंगे। निर्धारित शुल्क की राशि की भुगतान हेतु, राशि निम्नलिखित विकल्प के माध्यम से स्वीकार किया जाएगाः— क्रेडिट कार्ड, डेबिट कार्ड, या नेट—बैंकिग। परीक्षार्थी ऑनलाईन भुगतान के पश्चात 24 घंटे के अंदर अपने बैंक खाता से राशि की निकासी हुई या नहीं, इसकी जाँच कर स्वयं सतुंष्ट हो लेगें। खाता से राशि की निकासी के पश्चात समिति खाता में शुल्क जमा नहीं होने की स्थिति में संबंधित आवेदन को अपूर्ण मानते हुए स्वीकार नहीं किया जाएगा।

4. **समिति विनियमावली में वर्णित प्रावधान के अंतर्गत स्क्रुटनी निम्नांकित बिन्दुओं पर आधारित होगी :—**

I. यदि अंदर के पृष्ठों के अंक मुख्य पृष्ठ पर अंकित नहीं है, तो उसमें सुधार किया जाएगा।

II. प्रदत् अंको के योग में यदि कोई त्रुटि हो, तो उसमें सुधार किया जाएगा।

III. यदि कोई प्रश्न या खंड अमूल्यांकित है, तो उसका मूल्यांकन कर प्राप्तांक में सुधार किया जाएगा।

IV. स्क्रुटनी के परिणाम स्वरूप अंक बढ़ सकते है, घट सकते है या यथावत रह सकते है।

5. इस प्रकार डी0पी0एड0 पाठ्यक्रम के प्रशिक्षण सत्र 2021—23 का प्रथम वर्ष तथा सत्र 2020—22 के परीक्षार्थियों से अनुरोध है कि वे उक्त दिये गये प्रक्रिया के तहत् अपने उत्तर पुस्तिकाओं की Scrutiny के लिए ऑनलाइन आवेदन करे और इसके लिए उन्हें कार्याकाल में आने की आवश्यकता नहीं है, क्योंकि समिति कार्यालय में इस प्रकार का कोई आवेदन स्वीकार नहीं किये जा रहे है।

अतः दोनों प्रचार्य से अनुरोध है कि उक्त दिशा—निर्देश को महाविद्यालय के सूचना—पट के माध्यम से प्रसारित करेंगे।

विश्वासभाजन

5/7/23

**परीक्षा नियत्रंक (विविध)**

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना।

01/07/23 01/07/2023